Azadi Ka Amrit Mahotsav

# राजस्थान सरकार
## ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसाइटी(SSAAT)
कमरा नं. 8320, एस.एस.ओ. बिल्डिंग, शासन सचिवालय, जयपुर
email Id: dir.socialaudit@rajasthan.gov.in & Phone No. 0141.2227033


क्रमांकः एफ 61(533)SSAAT / 11 जिले लोकपाल चयन 2025 / 3963 जयपुर, दिनांक 23-12-2025

जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (ईजीएस),
जयपुर, धौलपुर, हनुमानगढ़, सिरोही, पाली, चूरु, झालावाड़,
नागौर, बारां, प्रतापगढ़ एवं उदयपुर ।

विषयः— महात्मा गांधी नरेगा योजना अन्तर्गत लोकपाल पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरान्त पात्र आवदेन पत्र भिजवाये जाने के संबंध में।

संदर्भः— इस विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति क्रमांक 3869 दिनांक 16.12.2025 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश दिनांक 20.03.2023 के अन्तर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में प्राप्त होने वाली विभिन्न शिकायतों एवं अभाव अभियोग के निराकरण आदि की प्रभावी प्रणाली विकसित करने के लिए विभाग द्वारा दिनांक 16.12.2025 को विज्ञप्ति जारी कर 11 जिलों में लोकपाल पद हेतु योग्य आवेदकों से दिनांक 19.01.2026 तक आपके कार्यालय के माध्यम से आवेदन पत्र चाहे गये है। इस क्रम में आपके कार्यालय में दिनांक 19.01.2026 तक प्राप्त आवेदन पत्रों का आपके कार्यालय स्तर से परीक्षण उपरांत विज्ञप्ति मे दी गई शर्तो के अनुसार प्रपत्र " भाग य " की पूर्ति कर केवल पात्र आवेदको के आवेदन पत्र इस कार्यालय को अग्रेषित कर भिजवाया जाना है। पात्र आवेदकों के आवेदन पत्र निर्धारित तिथि 03.02.2026 तक निदेशक, सामाजिक लेखा परीक्षा, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT), कमरा न. 8232, उत्तर पश्चिम भवन, शासन सचिवालय, जयपुर को डाक अथवा व्यक्तिशः भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें। कृपया ध्यान रखे कि आपके कार्यालय स्तर से निर्धारित तिथि उपरांत भिजवाये गये आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

संलग्नः—

1. विज्ञप्ति कमांक 3869 दिनांक 16.12.2025 एवं
   भारत सरकार गाईडलाईन 20.03.2023

(श्रेया गुहा)
अतिरिक्त मुख्य सचिव,
ग्रामीण विकास विभाग,राजस्थान

क्रमांकः एफ 61(533)SSAAT / 11 जिले लोकपाल चयन 2025 / 3964-74 जयपुर, दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

अतिरिक्त जिला कार्यक्रम एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद (ईजीएस), जयपुर, धौलपुर, हनुमानगढ़, सिरोही, पाली, चूरु, झालावाड़, नागौर, बारां, प्रतापगढ़ एवं उदयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(सांवर मल वर्मा)
निदेशक,
सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं
पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT)

C:\DARAB SINGH\DARAB SINGH\SSAAT\LOKPAL\11 Dis Lokpal Dec 2025\LOKPAL ADV 2025.docx

RajKaj Ref No.:
19470222

Signature valid

Digitally signed by Sanwar Mal Verma
Designation : Director
Date: 2025.12.23 13:39:49 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19546068